हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 फरवरी 2026

06 योग और पंचमुखी शिक्षा से बच्चों को शिक्षित कर...



07 करंट से युवक की मौत के दूसरे दिन सड़क पर बैठे परिवारजन





## समाचार संक्षेप

### धानवाड़ी मंडल में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न



**गुना।** मारकीमहू खंड के धानवाड़ी मंडल में भव्य हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं गो माता की पूजा से किया गया। सम्मेलन में संत राधाचरण द्विवेदी (चित्रकूट धाम) एवं धानवाड़ी हनुमान मंदिर के पुजारी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख केशव शर्मा उपस्थित रहे। संत राधाचरण ने सनातन धर्म की परंपराओं, भारतीय संस्कृति एवं "वसुधैव कुटुंबकम" के संदेश पर प्रकाश डाला। वहीं केशव शर्मा ने सनातन धर्म को जीवन पद्धति बताते हुए युवाओं से संस्कृति, संगठन और राष्ट्रसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक उद्बोधन भी आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, मातृशक्ति एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा।

### खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 01 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा गुना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरौदा में भ्रमण के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिला खनिज अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी खनिज गिट्टी का परिवहन करते पाई गई, जिसे जप्त कर कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहन एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर शकिशोर कुमार कन्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### जिला पंचायत गुना की सामान्य सभा की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुना ।** जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार गुना में सामान्य सभा समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव,ग्राम रोजगार सहायक एवं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारीयों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही अपनी सेवा पूर्ण कर रिटायर्ड होने पर हरि सिंह रघुवंशी सचिव ग्राम पंचायत महूखान जनपद गुना एवं निरपत सिंह चौहान सचिव ग्राम पंचायत भदौड़ी जनपद राघौगढ़ को शाल, श्रीफल भेंटकर एवं प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। बैठक का एजेंडा अनुसार विभिन्न विभागों की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा, करते हुए आगे की कार्ययोजना बनाई गई।

### फतेहगढ़ थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालिका को पुलिस ने सुरक्षित परिजनों से मिलाया

**गुना ।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के मार्गदर्शन में फतेहगढ़ थाना पुलिस ने गुमशुदा 13 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित परिजनों से मिला दिया। बालिका 13-14 जनवरी की दरमियानी रात लापता हुई थी, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 15 जनवरी को पिता द्वारा दर्ज कराई गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से बालिका की खोज की।6 फरवरी को महत्वपूर्ण जानकारी मिलने पर बालिका को सुरक्षित बरामद किया गया और बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर, उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# कॉम्बिंग गश्त, 107 वारंटी गिरफ्तार, अपराधियों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अपराधियों पर नकेल कसने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुना पुलिस ने बीती रात पूरे जिले में एक साथ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त नेतृत्व और दूरदर्शी रणनीति के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक ही समय पर कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस व्यापक सर्चिंग अभियान से जहां अपराधियों में खौफ का माहौल देखा गया, वहीं आमजन में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। अभियान की शुरुआत में सभी अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने अपनी-अपनी टीमों को ब्रीफ कर मैदान में उतारा। इस सघन गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने गुंडा बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, जिला बदर अपराधियों और इनामी बदमाशों की गहन चेकिंग की। पुलिस को इस अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है, जिसके तहत विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 107 वारंटियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों में 43 स्थायी वारंटी और 64 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। जिले भर में हुई इस कार्रवाई में थाना वार आंकड़ों पर नजर डालें तो राघौगढ़ पुलिस ने सर्वाधिक 10 स्थाई और 11 गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचा। इसी प्रकार सिटी कोतवाली पुलिस ने 7 स्थाई व 9 गिरफ्तारी, कैंट पुलिस ने 5 स्थाई व 10 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ पुलिस ने 3 स्थाई व 7 गिरफ्तारी और आरोन पुलिस ने 4 स्थाई व 3 गिरफ्तारी वारंटियों पर शिकंजा कसा। अभियान के दौरान जिले के अन्य थानों ने भी प्रभावी प्रदर्शन किया। बजरंगगढ़ से 1 स्थाई व 5 गिरफ्तारी, म्याना से 1 स्थाई व 4 गिरफ्तारी, बमौरी से 1 स्थाई व 4 गिरफ्तारी, सिरसी से 2 स्थाई, विजयपुर से 1 स्थाई व 3 गिरफ्तारी, धरनावदा से 3 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, चांचौड़ा से 3 स्थाई व 2 गिरफ्तारी, कुम्भराज से 1 स्थाई व 1 गिरफ्तारी, मृगवास से 1 स्थाई व 2 गिरफ्तारी और मधुसूदनगढ़ पुलिस ने 1 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा।



पुलिस अधीक्षक के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में शांति भंग करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। इस पूरी कार्रवाई में जिले के समस्त थाना प्रभारियों और उनके बल की सराहनीय भूमिका रही।

## शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप में जोश चरम पर पहुंचा

# गुना का विजय अभियान जारी, 2-0 से ग्वालियर को हराकर सेमीफाइनल में धमाकेदार एंट्री की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के संजय स्टेडियम में आयोजित 38वीं अखिल भारतीय स्व. लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शुक्रवार को रोमांच की पराकाष्ठा देखने को मिली। स्थानीय दर्शकों के उत्साह के बीच मेजबान नगर पालिका परिषद गुना की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए हॉकी संघ ग्वालियर को 2-0 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में गौरवपूर्ण प्रवेश किया।



गुना की ओर से मैच के शुरुआती क्षणों में ही शानदार फील्ड गोल दागकर बढ़त बना ली गई थी, जिसके बाद दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर टीम ने अपनी जीत पक्की की। इस शानदार जीत पर वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता की ओर से सेमीफाइनल जीतने पर प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक हॉकी तथा गोंडल इन्वेस्टमेंट एवं ग्रीन रेस्टोरेंट की ओर से टीम को 18,000 रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। प्रतियोगिता के अन्य मैचों में भी कांटे की टक्कर देखने को मिली। दिन का पहला मैच साउथ सेंटर रेलवे बिलासपुर और रिपब्लिक क्लब मुंबई के बीच खेला गया, जिसमें बिलासपुर ने 5-2 से जीत दर्ज की। वहीं, दूसरा मैच बेहद रोमांचक रहा, जहाँ बिलासपुर हॉस्टल और इंडियन बैंक चेन्नई के बीच निर्धारित समय तक स्कोर 6-6 की बराबरी पर रहा। मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट और फिर सडन डेथ के जरिए हुआ, जिसमें बिलासपुर हॉस्टल ने चेन्नई को हराकर जीत हासिल की। दिन का अंतिम और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ और हॉकी अकादमी भोपाल के मध्य हुआ। इस कड़े मुकाबले में लखनऊ की टीम ने उत्कृष्ट तालमेल दिखाते हुए भोपाल को 2-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।शनिवार को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच प्रातः 11:30 बजे से साउथ सेंटर रेलवे बिलासपुर और बिलासपुर हॉस्टल के मध्य खेला जाएगा। वहीं, दूसरा बहुप्रतीक्षित सेमीफाइनल मुकाबला दोपहर 2:00 बजे से मेजबान नगर पालिका परिषद गुना और स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ के बीच आयोजित होगा। खेल प्रेमियों ने गुना टीम की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए सेमीफाइनल में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

।गुना टीम का सेमीफाइनल जीतने पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता की ओर से एक एक हॉकी और गोंडल इन्वेस्टमेंट एवं ग्रीन रेस्टोरेंट की तरफ से 18000 रुपए की घोषणा की है।

## बस में सवार महिला के बैग से जेवर व नकदी चुराने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सिटी कोतवाली पुलिस ने जज्जी बस स्टैंड पर बस में सवार महिला के बैग से जेवर व नकदी चोरी के प्रकरण का सफल खुलासा। पुलिस की विशेष टीम की अथक मेहनत से शिवपुरी जिले का शातिर आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी से लगभग दो लाख रुपये मूल्य के जेवर बरामद किए हैं।

उल्लेखनीय है कि फरियादी रीना राव साल निवासी फतेहगढ़ जिला गुना द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 13 अगस्त 25 को वह गुना के जज्जी बस स्टेण्ड से फतेहगढ़ जाने के लिये एक बस में बैठी थी, बस के चलने से पूर्व वह अपना बैग बस में रखकर कुछ समय के लिए नीचे उतरी थी। फतेहगढ़ पहुंचने पर जब उसने बैग को चैक किया तो उसमें रखे सोने-चांदी के जेबर एवं नगदी 16,000 रूपये गायब मिले । उसे संदेह है कि जज्जी बस स्टेण्ड पर बस में बैग रखे रहने के दौरान उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया है । उक्त रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध गुना कोतवाली में अप.क्र. 463/25 धारा 305(सी) बीएनएस के तहत उक्त मामले में पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। साथ ही अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं मुखिबर तंत्र के सहयोग से अज्ञात आरोपी की पहचान के लगातार प्रयास किए गए। जिसके परिणाम स्वरूप अज्ञात आरोपी की पहचान शिवपुरी जिले के कोलारस निवासी शाहिद खान के रूप में सुनिश्चत कर जिसकी गिरफ्तारी हेतु सघन दविशें दी गईं।

आरोपी की तलाश के क्रम में गत 4 फरवरी 26 को आरोपी के संबंध में मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस द्वारा संदेही आरोपी शाहिद पुत्र अकरम खांन निवासी कोलारस जिला शिवपुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त चोरी करना स्वीकार किया । इसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी की निशादेही से प्रकरण में चोरी हुए जेबर सोने के छोटे-छोटे 5 पैण्डल, नथ, बिंदिया, चांदी की पायलें, कमर का गुच्छा कुल कीमती करीबन 2 लाख रुपये के जप्त किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी कुशल पाल, सउनि हरिचरण मीणा, प्रधान आरक्षक उमेश शर्मा, आरक्षक नरेंद्र रघुवंशी, आरक्षक हाकिम यादव, आरक्षक महावीर रघुवंशी एवं साइबर सेल से पुलिस की विशेष टीम के आरक्षक कुलदीप यादव, आरक्षक भूपेंद्र खटीक, आरक्षक अभयराज रघुवंशी, आरक्षक नीलेश रघुवंशी, आरक्षक राजीव रघुवंशी, आरक्षक संजय जाट, आरक्षक नवदीप अग्रवाल व आरक्षक आदित्य कोरव का उल्लेखनीय योगदान रहा है ।

## डोडाचूरा तस्कर कालू सिंह मीना को 4 वर्ष का सश्रम कारावास, 5 हजार रुपए का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मृगवास थाना क्षेत्र के वर्ष 2019 के डोडाचूरा तस्करी मामले में न्यायालय ने आरोपी कालू सिंह मीना को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद आरोपी को सजा भुगतने हेतु गुना जेल भेज दिया गया।अपर लोक अभियोजक श्री राकेश व्यास ने बताया कि दिनांक 10 जुलाई 2019 को थाना मृगवास पुलिस द्वारा ग्राम घीस्याखेड़ी में अवैध मादक पदार्थ के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन की सूचना पर अलग–अलग टीम गठित कर दबिश दी गई थी। पुलिस टीम के पहुंचते ही संदेही कालू सिंह मीना पुत्र भंवरलाल मीना, उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम घीस्याखेड़ी, भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।आरोपी को धारा 50 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत उसके अधिकारों की विधिवत सूचना दी गई, जिस पर उसने स्वयं एवं अपने घर की तलाशी पुलिस द्वारा कराए जाने की सहमति दी। तलाशी के दौरान आरोपी के घर के बाहरी कमरे में रखे एक प्लास्टिक कट्टे से 4 किलो 700 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ से 100-100 ग्राम के दो नमूने लेकर सीलबंद किए गए तथा शेष माल जब्त किया गया।इस संबंध में थाना मृगवास में अपराध क्रमांक 120/19, धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) न्यायालय, गुना में प्रस्तुत किया गया।विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा 13 साक्षी परीक्षित कराए गए एवं 30 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने अभियोजन का मामला संदेह से परे प्रमाणित मानते हुए आरोपी को धारा 8 सहपठित धारा 15(ख) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दोषी ठहराया।शासन की ओर से मामले की सफल पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश व्यास द्वारा की गई।

## एसपीएल-2 क्रिकेट प्रीमियर लीगः विजेता छात्रों को मिला पुरस्कार, मंजूषा खत्री ने की प्रेरक बातें



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्रेष्ठ कंपटीशन एकेडमी द्वारा छात्रों में खेल भावना एवं अनुशासन विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित SPL-2 क्रिकेट प्रीमियर लीग में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं नगर पालिका प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर खत्री मैडम ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अपने जीवन अनुभव साझा किए तथा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन एवं आत्मविश्वास भी बढ़ाता है।यह आयोजन A-1 क्लब, बीजी रोड पर दिनांक 5 एवं 6 फरवरी को आयोजित किया गया, जिसमें संस्था संचालक दुर्गेश शर्मा, एकेडमी संचालक निशांत शर्मा, के.डी. किरार सहित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया तथा समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह एवं हर्षोल्लास देखने को मिला तथा मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक संदेश के पश्चात छात्र नई ऊर्जा के साथ उत्साहित नजर आए।

### पूर्व लिव-इन पार्टनर पर युवती को कार से कुचलने का आरोप, पुलिस ने दर्ज किया दुर्घटना का मामला

गुना।शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर द्वारा कार से टक्कर मारने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने इसे जानलेवा हमला बताया है, जबकि पुलिस ने मामले में लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।पीड़िता के अनुसार वह बदरवास निवासी विक्की पंडा के साथ पिछले चार वर्षों से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। आरोपी ने उसे पत्नी की तरह साथ रखा, लेकिन कुछ समय पूर्व वह किसी अन्य महिला के साथ रहने लगा। पिछले आठ महीनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी उसके साथ मारपीट करता था और उसके बच्चों को भी प्रताड़ित करता था।पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन आरोपी ने उसे साजिश के तहत एक पार्क में बुलाया, जहां उसकी नई महिला मित्र सहित अन्य लोग मौजूद थे। वहां विवाद और मारपीट के बाद जब वह जान बचाकर सिटी कोतवाली की ओर भाग रही थी, तभी बोहरा मस्जिद के पास आरोपी ने अपनी किया कार (क्रमांक एमपी 20–7652) से उसे पीछे से टक्कर मार दी।घटना में गंभीर रूप से घायल युवती को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# किसान पंजीयन के लिए 35 पंजीयन केंद्र की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में किया गया, जिसमें जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय सहित जिले के समस्त कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के प्रारंभ में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान पंजीयन हेतु शासन द्वारा 35 पंजीयन केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं। ये पंजीयन केन्द्र विगत वर्ष की भांति ई-उपार्जन पोर्टल पर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जबकि बोनस की घोषणा अभी नहीं हुई है। किसान पंजीयन कार्य 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। साथ ही जिला उपार्जन समिति का गठन भी पूर्ण कर लिया गया है।



किसानों के लिए सहकारी समितियों के पंजीयन केन्द्रों पर निःशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे के माध्यम से 50 रुपये शुल्क का भुगतान कर पंजीयन कराया जा सकेगा।पंजीयन हेतु किसान का नाम, पिता का नाम, पता, आधार नंबर, बैंक खाता विवरण, आईएफएससी कोड, शाखा का नाम तथा वही मोबाइल नंबर जो आधार से जुड़ा हो, अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाएगा। समग्र आईडी के साथ भूमि विवरण अंकित होना आवश्यक है। किसान चाहें तो विक्रय हेतु नॉमिनी नियुक्त कर सकते हैं, जिसके लिए नॉमिनी का आधार नंबर देना होगा। पंजीयन के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन अथवा ओटीपी के माध्यम से प्रमाणीकरण किया जाएगा।

बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के संबंध में अवगत कराया गया कि योजनांतर्गत शेष रहे सभी अनुसूचित जनजाति परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर नवीन गैस कनेक्शन प्रदान किए जाने हैं। अनुसूचित जनजाति की वयस्क महिला द्वारा वंचित होने का घोषणा पत्र प्रस्तुत करने पर "प्रथम आओ-प्रथम पाओ" के आधार पर गैस कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे।धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित 229 ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति के प्रत्येक परिवार को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराकर सेचुरेशन किए जाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कन्याल ने पंजीयन स्थलों पर बैठक व्यवस्था, छाया, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में किसान पंजीयन, समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था, शासकीय उचित मूल्य दुकानों की स्थिति, खाद्यान्न वितरण तथा सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक के अंत में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला आपूर्ति विभाग को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 700 किमी पैदल यात्रा करने निकले श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

लोगों की आस्था का केंद्र राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर पर जाने बालों का हमेशा ही ताता लगा रहता है लोग बताते हैं कि जो भी खाटू नरेश के दरबार जाता है उसकी संपर्क मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इसी ही कामना को लेकर विदिशा जिले की देहरी ग्राम पंचायत के धाकड़ समाज के लगभग 1दर्जन श्रद्धालु पदयात्रा करके अपने ग्राम देहरी जिला विदिशा से राजस्थान सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम दरबार में दर्शन करने के लिए निकले हैं उक्त श्रद्धालु लगभग 700 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर राजस्थान सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुंच कर झंडा चढ़ाएंगे उक्त श्रद्धालुओं का रास्ते में जगह जगह स्वागत किया जा रहा है उक्त श्रद्धालु आरोन राधौगढ़ होकर राजस्थान में प्रवेश करेंगे इसी दौरान जब उक्त श्रद्धालुओं आरोन पहुंचे तो यहां पर समाज सेवी डाक्टर जगदीश धाकड़ सहित उनके मित्र मंडल द्वारा तथा न्यायालय के सामने एडवोकेट अरविन्द साहू द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया श्रद्धालुओं से पूछने पर उन्होंने बताया कि उक्त पैदल यात्रा लगभग 15 से 20 दिनों की रहेगी वही रास्ते में रात्रि होने पर किसी भी मंदिर या आश्रम पर विश्राम कर लेते है एव क्षेत्र में सुख शांति की कामना को लेकर उक्त पैदल यात्रा की जा रही हैं।



## समाचार संक्षेप

### बीनागंज में सब्जी–फल थोक व्यापारियों से संवाद समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

चाचौड़ा। बीनागंज में सब्जी एवं फल के थोक विक्रेताओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान व्यापारियों द्वारा रखी गई विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने व्यापारियों की व्यावहारिक कठिनाइयों को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी



निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष चाचौड़ा प्रद्युमन मीना, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चाचौड़ा रवि मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज त्रियंबकेश्वर मिश्रा सहित मण्डी के थोक विक्रेता उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर उन्हें सुविधाजनक, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि स्थानीय व्यापार को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

### नगर में पहली बार निकलेगी श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 8 को गायत्री मंदिर में होगी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

आरोन। नगर के लिए बड़े हर्ष और गौरव का विषय है कि यहां पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से 8 फरवरी को सायं 4:30 बजे गायत्री मंदिर, आरोन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में रथ यात्रा से संबंधित सभी प्रमुख विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसमें यात्रा की गतिविधियाँ, यात्रा का संभावित मार्ग, प्रारंभ स्थल तथा व्यवस्था एवं सहयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल रहेंगे। आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।इस आयोजन के आयोजक समस्त आरोनवासी हैं, जिन्होंने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सादर अनुरोध किया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव दें और रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।आयोजकों का कहना है कि भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा नगर में धार्मिक आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगी तथा पहली बार आयोजित होने जा रहा यह कार्यक्रम नगरवासियों के लिए ऐतिहासिक अवसर साबित होगा।

### परीक्षा के बीच ध्वनि प्रदूषण से परेशान हुए छात्र–छात्राएं क्या प्रशासन ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगाएगा अंकुश?

आरोन। जिला मुख्यालय।जिले में इन दिनों छात्र–छात्राओं की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) से होने वाला तीव्र शोर उनके अध्ययन में बड़ी बाधा बन रहा है। धार्मिक आयोजनों, सामाजिक कार्यक्रमों, जुलूसों और अन्य गतिविधियों में तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि यंत्रों के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।अभिभावकों और विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा के इस महत्वपूर्ण समय में शांत वातावरण की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, लेकिन दिन और रात में लगातार बजते लाउडस्पीकरों से ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो रहा है। कई क्षेत्रों में देर रात तक तेज ध्वनि में संगीत और घोषणाएं चलने से विद्यार्थियों की नींद भी प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर उनकी तैयारी पर पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर सख्ती से नियंत्रण लगाया जाए और निर्धारित समय व ध्वनि सीमा का पालन कराया जाए। उनका कहना है कि छात्रों का भविष्य सर्वोपरि है और इसके लिए आवश्यक है कि प्रशासन संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कदम उठाए।विशेषज्ञों के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण न केवल पढ़ाई बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। लगातार तेज आवाज में रहने से तनाव, चिड़चिड़ापन और ध्यान भंग जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जो परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए नुकसानदायक हैं।अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन विद्यार्थियों के हित में पहल करते हुए ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाता है या नहीं। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो इसका सीधा असर हजारों छात्र–छात्राओं की परीक्षा और भविष्य पर पड़ सकता है।

## एकल अभियान के चंबल भाग की भाग समीक्षा बैठक हुई संपन्न

# योग ओर पंचमुखी शिक्षा से बच्चों को शिक्षित कर उन्हें राष्ट्र उपयोगी बनाना एकल का उद्देश्य: जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एकल अभियान मध्य भारत संभाग चम्बल भाग केंद्र की समीक्षा बैठक गुरुवार को अंचल कार्यालय गुना पर संपन्न हुई। जिसमें डबरा, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना एवं बरेली (रायसेन) से अंचल अभियान प्रमुख एवं अंचल कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि एकल अभियान प्रभाग पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली, महिला भाग समिति अध्यक्ष आशा रघुवंशी, चंबल भाग अभियान प्रमुख धर्मवीर सिंह गुर्जर, चंबल भाग प्रशिक्षण प्रमुख विजय सिंह आदिवासी, चंबल भाग गतिविधि प्रमुख नारायण सिंह मीणा, चंबल भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह शहरिया मंचासीन रहे ओर उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर संगठन विस्तार के मंत्र दिए। बैठक में जनवरी माह के कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा हुई। इससे पूर्व बैठक का विधिवत शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जागरण शिक्षा प्रभारी श्री जैन ने कहा कि एकल अभियान के कार्य विस्तार के लिए सभी अंचल समिति एवं संच समिति सहित हमारे आचार्य पूर्ण रूप से एकल का कार्य पूर्ण समर्पण भाव से करते हुए पंचमुखी शिक्षा को गांव गांव में पहुंचाकर ग्रामीणों को इसके लाभ से अवगत कराना हे। श्री जैन ने कहा कि प्रतिदिन नियमित विद्यालय लगे ओर हमारे कार्यकर्ताओं का अधिक से अधिक प्रवास हो। साथ ही विद्यालय पर की जाने वाली गतिविधि जिसमें खेल प्रतियोगिताएं, योग ओर पंचमुखी शिक्षा से बच्चों को शिक्षित कर उन्हे राष्ट्र उपयोगी बनाते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही एकल का उद्देश्य है।




### जानलेवा मारपीट एवं तोड़फोड़ प्रकरण में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

गुना। बमोरी थाना पुलिस ने एक और सफलता प्राप्त करते हुए जानलेवा मारपीट एवं तोड़फोड़ के गंभीर प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 दिसंबर 2025 को बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनखरा में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा मारपीट एवं तोड़फोड़ की घटना घटित हुई थी। इस संबंध में फरियादी रवि धाकड़ की रिपोर्ट पर आरोपीगणअवधेश धाकड़, संजीव धाकड़, हरिचरण धाकड़, मोहनप्रसाद धाकड़, प्रकाश धाकड़, अभिषेक धाकड़, कैलाश धाकड़, प्रेमनारायण धाकड़, सूरज धाकड़ निवासीगण ग्राम सोनखरा एवं अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाना बमोरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना दिनांक की रात्रि में ही 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सघन दबिशें दी जा रही थीं।विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियों की पहचान एवं शेष फरार आरोपियों की तलाश के क्रम में 04 फरवरी 2026 को मुखबिर सूचना के आधार पर बमोरी थाना पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए प्रकरण में फरार आरोपी सोनू पुत्र इमरतलाल प्रजापति उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम ऊमरी थाना म्याना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## फतेहगढ़ थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालिका को पुलिस ने सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में अपहृत एवं गुमशुदा नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसमें फतेहगढ़ थाना पुलिस ने एक सराहनीय सफलता प्राप्त करते हुए गुमशुदा नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों से मिलाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा इस मामले में सक्रिय एवं संवेदनशील कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि दिनांक 13-14 जनवरी 2026 की दरमियानी रात फतेहगढ़ थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संबंध में बालिका के पिता द्वारा 15 जनवरी 2026 को फतेहगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 11/26, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर बालिका की तलाश प्रारंभ की।पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी द्वारा नाबालिगों से संबंधित मामलों में शीघ्र, मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे।

निर्देशों के पालन में फतेहगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों की सहायता से संभावित स्थानों पर सघन तलाश अभियान चलाया।तलाशी के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर 06 फरवरी 2026 को फतेहगढ़ थाना पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।

विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां समिति अध्यक्ष श्रीमती डॉ. नीरू शर्मा एवं सदस्यों द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप रघुवंशी, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, प्रधान आरक्षक हरिओम किरार, आरक्षक कांजराज, आरक्षक बृजमोहन, महिला आरक्षक क्रांति रघुवंशी एवं कैंट थाना से महिला आरक्षक तेजस्विता जादोन की विशेष भूमिका रही।

## उच्च न्यायालय ने जारी किए आदेश कलेक्टर 90 दिन में निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आरोन गुना माननीय उच्च न्यायालय ने नाथू सोनी द्वारा दायर याचिका क्रमांक 17567 वर्ष 2024 का निराकरण करते हुए कलेक्टर गुना ने आदेश दिया है कि आरोन स्थित सनातन धर्म ट्रस्ट नाथूलाल सोनी और उनके सहयोगी द्वारा दायर आरोपों की जांच कर उसका निराकरण 90 दिनों के अंदर करें माननीय न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि ट्रस्ट 10 दिनों के अंदर याचिकाकर्ताओं की राशि वापिस लोटाये जवकि ट्रस्ट उनकी राशि जप्त करने की बात कर रहा था श्री सोनी ने अपने आरोपो में यह उल्लेख किया है कि सर्वे नंबर 1333 का विधिवत आवंटन ट्रस्ट के पक्ष में नहीं हुआ है और ट्रस्ट के द्वारा इस भूमि की फर्जी प्रविष्टि खसरे में कराई है और उसको आधार बनाकर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया जो पूर्व में अग्निकांड के प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपी बनाये जा चुके हैं इस भूमिका पर अतिक्रमण कर उसका सव्यवहार कर रहे हैं जबकि ट्रस्ट एक्ट के अनुसार इसके बाद वैध स्वामित्व की भूमि के संव्यहार के लिए भी रजिस्ट्रार ट्रस्ट की अनुमति आवश्यक है जो नई ली गई है अब यह देखना है कि याचिकाकर्ता के आरोपों में कितना दम है वह 90 दिनों के अंदर स्पष्ट हो सकेगा यदि नाथूलाल सोनी के आरोप सही पये गये तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाये श्री स्वामी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा उनसे प्राप्त की डिपोजिट राशि उनके बैंक खाते में जमा कर दी गई है जबकि उनके द्वारा ब्याज और हर्जे खर्चे की मांग भी की जा रही है।

## कुंभराज क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन सतर्क एसडीएम-एसडीओपी ने किया भमावद चौकी का संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

कुंभराज क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चाचौड़ा रवि मालवीय एवं एसडीओपी मनोज झा द्वारा संयुक्त रूप से भामवद चौकी, थाना कुंभराज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चौकी परिसर की साफ-सफाई का अवलोकन किया तथा शिकायत पंजी की गहन समीक्षा की। इसमें आम नागरिकों एवं पीड़ितों की लंबित शिकायतों पर चर्चा करते हुए शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

साथ ही आम जनता के साथ पुलिस के व्यवहार को और अधिक सौम्य, संवेदनशील एवं सहयोगात्मक बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने चौकी भवन में बिजली के बिखरे हुए तारों को सुव्यवस्थित ढंग से ठीक कराने के निर्देश दिए। फरियादियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान लंबित अपराधों की स्थिति की समीक्षा करते हुए शीघ्र जांच पूर्ण कर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भामवद ग्राम के पार्वती नदी के किनारे स्थित होने तथा विभिन्न घाटों पर त्योहारों के दौरान मेले आयोजित होने से उत्पन्न होने वाली संभावित विपरीत एवं आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु की गई तैयारियों की भी जानकारी ली गई। आवश्यक बलवा सामग्री हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय को मांग पत्र भेजने के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त हवालात का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए।उल्लेखनीय है कि जिले में अनुभाग स्तर पर पहली बार इस प्रकार का प्रशासन एवं पुलिस का संयुक्त निरीक्षण देखने को मिला है, जिसे आमजन द्वारा सराहनीय पहल माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी पंकज त्यागी, चौकी प्रभारी राजीव गौड़, पुलिस बल के जवान एवं क्षेत्र के आम नागरिक उपस्थित रहे।



एसडीएम रवि मालवीय पहुंचे भमावद चौकी ।

## लोक सेवकों को ई-अटेंडेंस से दी छूट

श्योपुर। निर्वाचन कार्य में संलग्न लोक सेवको को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ई-अटेंडेन्स से छूट प्रदान किये जाने के निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की कार्यवाही प्रचलित है। उक्त कार्य हेतु बी.एल.ओ./सहायक बी.एल.ओ. द्वारा मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर उक्त कार्य किया जा रहा है एवं बी.एल.ओ. सुपरवाईजर द्वारा फील्ड में उपस्थित रहकर उक्त कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय/ समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों एवं अन्य विभागों से निर्वाचन के कार्य करने हेतु आदेशित किये गये लोकसेवकों द्वारा भी उक्त कार्य संपादित किया जा रहा है। चूंकि बी.एल.ओ./सहायक बी.एल.ओ./बी.एल.ओ. सुपरवाईजर/ कार्यालयों संबद्ध लोकसेवकों में से अधिकांश लोकसेवक शिक्षा विभाग से संबंधित है और उक्त कार्य फील्ड में अथवा निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर संपादित किया जाना है, ऐसी स्थिति में लोकसेवकों द्वारा अपने उक्त कार्य के साथ-साथ मूल संस्था में उपस्थित होकर शिक्षक एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस लगाना संभव नहीं है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यवाही में नियुक्त समस्त लोकसेवकों को शिक्षक एप के माध्यम से ई-अटेंडेंस से छूट प्रदान करते हुए उनका नियमित वेतन भुगतान किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।


## कलेक्टर ने ग्राम मोहरीराय में किया गोशाला आंगनबाड़ी और पंचायत भवन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत मोहरी राय का भ्रमण कर आंगनवाडी केन्द्र,गौशाला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही गौशाला संचालन हेतु आवश्यक निर्देश संबंधितों को दिए। इस दौरान गौशाला के गौवंश को चारा खिलाया।

कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत मोहरी राय स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 एवं 02 का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए जाने के निर्देश आंगनवाडी कार्यकर्ता को दिए। उन्होंने आंगनवाडी कार्यकर्ता को आंगनवाडी केन्द्र पर नियमित रूप से परिचय पत्र पहनकर उपस्थित रहने के निर्देश दिये। आंगनवाड़ी में वजन मशीन को संधारित किये जाने की निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की आंगनवाडी केन्द्र पर बच्चों को शाला पूर्व गतिविधियां आयोजित की जाए। साथ ही बच्चों को गुणवत्ता मध्यान्ह भोजन मिले यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भवन मोहरी राय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत के विकास कार्यो सहित शासकीय योजनाओं क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ग्राम मोहरीराय स्थित माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के साथ प्रार्थना में शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक व्यवस्था के संबंध बच्चों से संवाद किया।





### विद्यालयों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

श्योपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान भी किया। श्योपुर जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी स्कूलो में कार्यक्रम आयोजित कर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सांदीपनि विद्यालयों सहित हाईस्कूल एवं हायर सैकेण्डरी स्कूलो में कार्यक्रम आयोजित हुए। परीक्षा पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों से कहा कि सपनों को देखना जरूरी है परंतु उसे पूरा करने के लिये कर्म भी करना होगा। महापुरुषों की जीवनी पढ़नी होंगी ताकि पता चल सके कि कितनी मेहनत से आगे बढ़ा जाता है।

# प्रशासन के लिए परेशानी बन गई किसानों को मिली सौगात

**35 गांव नहर निकासी योजना में पर किसानों ने फिर लगाए अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर



चंबल नहर सूक्ष्म सिंचाई परियोजना प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गई है। किसानों के लिए सौगात मानी जाने वाली इस परियोजना को लेकर किसानों की नाराज़गी से सरकार को भी लाभ मिलने के बजाए उल्टा नुक़सान हो रहा है। किसानों की इस नाराजगी को दूर करने के उद्देश्य से प्रशासन परियोजना से जुड़े अफसरों की समय समय पर बैठक आयोजित कराता रहता है लेकिन बैठक में बात बनने के बजाए ओर अधिक उलझ जाती है। इसकी बानगी शुक्रवार को तब देखने को मिली जब कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर किसानों ओर परियोजना से जुड़े अधिकारियों की बैठक में किसानों ने अफसरों को आड़े हाथों लेते हुए परियोजना को ही फैल बता डाला।

बैठक वाद विवाद के बाद अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को कहना पड़ा कि क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा पानी छोडने के दौरान आई समस्याओं लिकेज आदि की निराकरण किया जायें तथा किसान पानी छोडने के लिए अपनी डिमांड कन्ट्रोलरूम पर दर्ज करायें। इसके लिए प्रत्येक गांव में प्रतिनिधि भी बनाये जा सकते है, जो किसानों की डिमांड दर्ज कराने के साथ ही पानी पहुंचने की तस्दीक भी करेंगे। अगर पानी खेतों तक नहीं पहुंचा तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

### परियोजना पूरी तरह फेल:रामलखन

इस परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर समय समय पर आवाज उठाने वाले किसान नेता रामलखन हरनीखेडा ने कहा कि इस परियोजना पूरी तरह फेल हो चुकी है अधिकारियों ने इसमें भारी भ्रष्टाचार किया है प्रशासन बैठक के नाम पर हर बार तारीख पर तारीख दे रहा है एक माह पहले भी हुई बैठक में निर्णय लिया था कि 10 गांव में पानी छोड़कर टेस्टिंग की जाएगी लेकिन नहीं की गई अब आज फिर बैठक बुलाकर कंपनी को क्लीन चिट देने का प्रयास किया गया। किसानों ने साफ कहा कि अगर 10 खेतों में भी अपनी एजेंसी पानी सप्लाई कर दे तो हम योजना को सक्सेसफुल मान लेंगे नहीं तो अफसरों पर भ्रष्टाचार के मामले में लिप्त होने पर एफआईआर दर्ज कराई जाए।

### 10 दिन बाद फिर होगी बैठक

बैठक में तय किया गया है कि आगामी 10 दिन तक खेतो में पानी पहुंचाए जाने के काम का किसानों के प्रतिनिधी कंपनी के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का आंकलन करेंगे इसके उपरांत 10 दिवस बाद फिर से किसानों के साथ प्रशासन की बैठक रखी जायेगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री चैतन्य चौहान, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी डब्ल्यूपीआईएल के दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण तथा किसान उपस्थित थे।

**चंबल नदी में 435 किमी का सफर तय करते हुए टीम करेगी जलीय जीवों की गणना**

# जलीय जीव व पक्षियों की गणना के लिए चंबल नदी में उतरा सर्वेक्षण दल, शुरू हुई गणना



हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

चंबल नदी में पल रहे घडियालों का कुनबा इस साल घटा है या बढ़ा। मगरमच्छ सहित अन्य जलीय जीवों की संख्या में कितनी बढोत्तरी हुई है। प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों की संख्या में भी कोई बढोत्तरी हुई है या नहीं, अब इसका पता जल्द चल जाएगा। कारण यह है कि चंबल नदी में जलीय जीवों की गणना शुरू हो गई है। इसकी शुरूआत गुरूवार को चंबल नदी के पाली घाट से हुई है। गणना करने के लिए चंबल नदी में उतरे सर्वेक्षण दल को मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर वृत्त और वनमंडलाधिकारी, मुरैना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जलीय जीवों की गणना चंबल नदी के चकरनगर घाट तक होगी। यह सर्वेक्षण चंबल नदी क्षेत्र की जैव विविधता के संरक्षण, प्रबंधन एवं वैज्ञानिक आंकड़ों के संकलन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उल्लेखनीय है कि चंबल अभयारण्य ने पाली घाट से चकरनगर (इटावा) तक बह रही चंबल में जलीय जीवों की गणना का काम 5 फरवरी को पाली घाट से से शुरू किया था। यह सर्वे करीब 13 दिन चलेगा। इस दौरान सर्वे करने के लिए चंबल नदी में उतरी सर्वेक्षण टीम 13 दिनो के दौरान 435 किलोमीटर का सफर तय करते हुए डायरेक्ट साइटिंग प्रणाली से जलीय जीवों और प्रवासी प्रक्षियों की गणना करेगी। इस गणना के दौरान यह पता चल जाएगा कि चंबल नदी में जलीय जीवों की संख्या कितना हो गई है।

### ये रहे सर्वेक्षण दल में शामिल

चंबल नदी में जलीय जीवों का गणना करने के लिए उतरे सर्वेक्षण दल में वन विभाग के फील्ड स्टाफ के साथ राजस्थान वन विभाग के प्रतिनिधि भानु प्रताप सिंह एवं फील्ड स्टाफ भी शामिल हैं। सर्वेक्षण दल निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार चंबल नदी क्षेत्र में घड़ियाल, मगरमच्छ सहित अन्य जलीय जीवों तथा स्थानीय, प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों की गणना करेगा। सर्वेक्षण दल को चंबल नदी में हरीझंडी दिखाए जाने के दौरान अधीक्षक, राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य, श्योपुर संदीप वास्कले, गेम रेंज ऑफिसर, सबलगढ़ दीपक शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### इन घाटों से होकर सर्वेक्षण दल करेगा सर्वे

चंबल अभयारण्य में वर्ष 1984 से हर घड़ियाल व अन्य जलीय जीवों मगर, डॉल्फिन आदि की गणना की जाती है। इसमें सर्वे टीम डायरेक्ट साइटिंग (प्रत्यक्ष दिखना) से टीम के अलग-अलग सदस्य घड़ियाल, मगर, डॉल्फिन की काउंटिंग करते हैं। इसके अलावा अन्य जलीय जीवों का आंकलन भी किया जाता है। सर्वे टीम पाली घाट, रामेश्वर, बरोली, अटार घाट, बटेसुरा, सरसेनी, राजघाट, कुथियाना, उसैद घाट, अटेर, बरही, सहसों और पचनदा तक सर्वे करेगी।

## खबर संक्षेप



### ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रसल्ला में बैठक का आयोजन किया

**पिपरई।** शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रसल्ला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की ग्राम वासियों को जानकारी दी गई एवं गांव की साफ सफाई पेड़ पौधे पर्यावरण संबंधित आदि जानकारी ग्राम वासियों को दी गई तथा समिति के सदस्यों को आगे की कार्य योजना बताई गई आज की बैठक में जन परिषद अभियान से जिला अधिकारी बद्री प्रसाद चैहान नवाकुर संस्था श्री मां गौरी जन शिक्षा सेवा समिति सेमरी टंकी से प्रभारी रामबाबू यादव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रुसल्ला से समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव समिति सचिव लाखन सिंह यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

### महाविद्यालय में हार्टफुलनेस संस्था ने छात्र और छात्राओं को जानकारी प्रदान की



**अशोकनगर।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में हार्टफुलनेस संस्था के माध्यम से विद्यार्थीयों को तनाव मुक्ति और प्रबंधन प्रोग्राम के अंतर्गत साप्ताहिक मॉडल में शांति का महासागर विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि हृदय में अनंत शांति और एकाग्रता से भरा हुआ। महसूस करने के लिया ध्यान का सत्र आयोजित किया गया। मानव विकास के इतिहास में मानवीय चेतना का विस्तार जो उसे अन्य प्रजातियों से भिन्न करता हैं। वह है चिंतन के प्रति सजक होना जिसे ध्यान के माध्यम से ही पाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन गायत्री नामदेव, अरविन्द कौशिक और विवेक ओझा द्वारा जिला समन्वयक महेंद्र रघुवंशी के मार्गदर्शन में किया गया ।

### महाविद्यालय में आनंद सभा के आयोजन में शामिल रहे विद्यार्थी



**अशोकनगर।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में 'आनंद सभा' का आयोजन गायत्री नामदेव द्वारा कराया गया। जिसके तहत विद्यार्थियों का एक 'आनंद सर्किल' बनाया गया। इसके अन्तर्गत डिजिटल जैसे मोबाईल, लेपटाप पर ज्यादा समय पर जुड़े रहने से मानसिक तनाव उत्पन्न होता है जिससे विद्यार्थी एकाग्रचित नहीं हो पाते हैं। इस कड़ी में विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया के गुण व अवगुणों से अवगत कराया गया। जिसमें यह बताया गया कि डिजिटल संसाधन मानव के उपयोग के लिये हैं, न कि मानव डिजिटल संसाधन के उपयोग के लिये है।

## ग्रामीणों ने अस्पताल चौराहे के साथ कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

# करंट से युवक की मौत के दूसरे दिन सड़क पर बैठे परिवारजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एक दिन पहले स्थानीय त्रिलोक पुरी कॉलोनी में करंट लगने से मानकचैक निवासी राजेश जाटव उम्र 35 साल की मौत हो गई थी। उक्त प्रकरण में मृतक के परिवारजनों और ग्रामीणों ने मामले में प्रकरण दर्ज करने की मांग की थी और मृतक का पोस्टमार्टम मामला दर्ज किए जाने के बाद ही किए जाने की मांग की थी। शुक्रवार को परिवारजनों के साथ समाजजनों ने उक्त मामले में प्रकरण दर्ज किए जाने के बाद धाराओं में इजाफा किए जाने को लेकर अस्पताल चैराहा पर विरोध प्रदर्शन करने के बाद कलेक्टर कार्यालय में जाकर विरोध प्रदर्शन किया।

शुक्रवार को सुबह से ही जिला अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी जिसे देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान मृतक के ससुराल पक्ष का परिवार नाराज होते हुए अस्पताल के बाहर मृतक के परिवार जन के साथ नारेबाजी करते हुए बैठ गए। उनका कहना था कि मृतक के चार बच्चे हैं और परिवार में उनके भरण पोषण की व्यवस्था नहीं है ऐसे में इनका गुजारा कैसे हो सकेगा। जब अस्पताल चैराहे पर पुलिस का दबाव बढ़ता दिखा तो यह परिवार और समाज जन नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर जाकर बैठ गए। यहां भी मृतक परिवार के लोग न्याय की मांग करते नजर आए। यहां भी पुलिस द्वारा उन्हे समझाईस दी गई। प्रदर्शन करने वाले लोगों को वापिस अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में पोस्टमार्टम न कराने की मांग करते रहे। सामाजिक और पुलिस के दबाव में ससुराल पक्ष को समझाइस के बाद ही मृतक युवक का शव परीक्षण किया जा सका उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पुरानी रंजिश पर से मारपीट

**अशोकनगर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिरियन के टपरा मोहल्ला वार्ड क्र 15 अशोकनगर निवासी विनोद शर्मा पुत्र रामरतन शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोनू प्रजापति ने पुरानी रजिंस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम सिंघपुर हाल निवासी दयालपुर अभिषेक यादव पुत्र मन्ना सिंह यादव को अनंतपुर अस्पताल के मोड़ पर बिजली का करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### जुए के अड्डों पर पुलिस ने की छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत पुलिस ने मढ़नखिरिया की टगर के पास सुनील रघुवंशी के खेत पर ग्राम भेंसा में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए विवेक रघुवंशी, सीताराम शर्मा, पप्पू परिहार, सुनील साहू, मनीराम साहू, को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने उक्त लोगों से ताश की गडडी और 8430 रूपए जप्त किए हैं।

## जिम्मेदारों की अनदेखी से परेशानी बरकरार

# आंगनबाड़ी व विद्यालयों के शौचालय में नहीं कोई व्यवस्था, लोग खुले में शौच करने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



विकासखंड ईसागढ़ में अधिकांश आंगनवाडी केंद्र और विद्यालय परिसर में बने शौचालय जहां पानी की सप्लाई की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण शौचालय बंद पड़े हैं और कडंम हो गए आज जिनकी हालत गंभीर है।

जहां लोग खुले में शौच करने को विवश हैं जब ईसागढ़ क्षेत्र का भ्रमण किया तो ग्राम महुअन में आदिवासी बस्ती के आंगनवाडी केन्द्र पहुंचें। कार्यकत्रा रीना भार्गव ने बताया कि हमारी बिल्डिंग ठीक है। पानी है लेकिन शौचालय का टैंक नही बने होने से हम लोग शौचालय के उपयोग से वंचित हैं जिस कारण हम लोगो को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। वही आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र छपरा पहुंचें तो शौचालय की हालात जर्जर दिखाई दी जिसमे न छत है और न दरवाजा ऐसे में शौच करने खुले में जाने के लिए मजबूर है। वहीं केशोपुर आंगनवाडी में न पानी है और न शौचालय गांव से दूर आंगनवाड़ी केन्द्र है जो क्षतिग्रस्त पड़ी है यह हालात हर गांव में देखने मिल जायेगें। पानी होगा तभी शौचालय का उपयोग सही तरीके से कर पाएंगे।

ऐसे में उन अधिकारियो के बारे में क्या कहे जो हर महीने निरीक्षण करते हैं फिर इन कमियों को क्यों अनदेखा कर दिया जाता है। हर विभाग इन समस्याओं से परेशान है शासन प्रशासन के ज़िम्मेदार अधिकारी जन प्रतिनिधि मौन है।समस्त विभागीय अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र का भ्रमण कर वहां की समस्याओं को देखकर शिविर के माध्यम से उन समस्याओं का समाधान कराना चाहिए जिससे ग्रामीणों का भरोसा जिम्मेदार लोगों पर बना रहे। आज धरातल पर कार्य शून्य स्थिति में है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा रहा है। कलेक्टर आदित्य सिंह के द्वारा जिले की सभी तहसीलों के विभागो का निरीक्षण किया जा रहा है जिसको लेकर दोषी लोगों पर कार्यवाही और अच्छा कार्य करने वाले को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अगर सभी विकासखंड के समस्त अधिकारी और जन प्रतिनिधि भी इस प्रकार से निरीक्षण करे तो वहां की हर समस्या का समाधान शीघ्र होगा लेकिन कुछ लोग ऐसे है जो समस्याओं को अनदेखा कर अपनी मस्ती में मस्त रहते हैं।

# कल आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अपनी मांगों के लिए करेगा विरोध, ज्ञापन देगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर अशोकनगर जिला मुख्यालय में 8 फरवरी को धरना प्रदर्शन और सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली ,नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कराना जैसी कईं मांगें शामिल हैं।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादब ने बताया कि यह रैली 8 फरवरी 2026 को प्रत्येक जिले के साथ साथ अशोकनगर के युगल सरकार मंदिर एवं रघुवंशी धर्मशाला के बीच पड़े खाली मैदान से शुरू होगी। 11:30 बजे से इसी मैदान में धरना एवं सभा होगी जो 3 बजे तक चलेगी, इसके बाद सभा स्थल से बाईक रैली की शक्ल में रैली शुरू होगी जो शशीन्द्र राणा चैराहे से होते हुए, न्यू ओवर ब्रिज ,गांधी पार्क ,रसीला चैराहा ,तुलसी पार्क होते हुए पुनः गांधी पार्क, अंडर ब्रिज से अस्पताल चैराहा होते हुए तहसील प्रांगण तक रहेगी। इसके बाद सभी बाईक,फोर वीलर ,बसे तहसील प्रांगण में जमा की जावेगी तथा कलेक्टेट तक पैदल रैली निकाली जाएगी। जहां मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को अपनी 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने यह भी बताया कि



इस रैली में करीब 2500 शिक्षकों के शामिल होने की सूचना अनुमति पत्र में शासन को दी है ,उन्होंने यह भी बताया कि यह रैली सभा भले ही आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले हो रही हो लेकिन इसमें सभी संघों के पदाधिकारी शामिल होगें मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शर्मा,कर्मचारी कांग्रेश के जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष दिलीप रघुवंशी एवं संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज भटनागर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सभी को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की ओर से आमंत्रित किया गया है जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है,जिले के सभी ब्लॉक तहसील से ब्लॉक तहसील अध्यक्षों के नेतृत्व में भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएँ इस रैली में शामिल होगें।

## पीआईसी बैठक में नगर विकास को मिली गति

# इस्तीफे की अटकलों के बाद स्वास्थ्य से पिछली बैठकों में नदारत रही उपाध्यक्ष भी रहीं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा

नगर परिषद की प्रिसीडेंट आफ काउंसिल (पीआईसी) बैठक में आज शहर के विकास से जुड़े सात महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई। नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर और मुख्य नगर अधिकारी शमशाद पठान ने बताया कि बैठक में सभी सात बिंदुओं पर सहमति बनी, जिससे शहर की बदहाल स्थिति सुधारने की उम्मीद जगी है।

बैठक में बस स्टैंड के निकट पोस्ट ऑफिस की भूमि पर दो बड़ी दुकानों के निर्माण को स्वीकृति दी गई, ताकि बस स्टैंड क्षेत्र को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। वार्ड 4 के विभिन्न निर्माण कार्यों को भी हरी झंडी मिल गई। एसडीएमएफ योजना के तहत नगर की तीन प्रमुख पुलियों के निर्माण का रहा। सदर बाजार पुलिया, बाबूदास बैरागी मार्ग पुलिया और खड़िया



मोहल्ला मार्ग पुलिया पिछले तीन साल से स्वीकृत हैं, लेकिन अतिक्रमण के कारण काम रुका हुआ था। अब उपलब्ध जगह पर ही जल्द से जल्द निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है, जिससे नगर की सुंदरता बढ़ेगी और जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी।

बैठक में सीएमओ शमशाद पठान, अध्यक्ष अशोक माहौर, उपाध्यक्ष संगीता अरविंद रघुवंशी, इंजीनियर आजाद जैन सहित



समिति सदस्य उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिक अब इन फैसलों के क्रियान्वयन पर नजर रखे हुए हैं। सीएमओ ने बताया कि बैठक में 7 बिंदुओं पर चर्चा हुई और सभी 7 प्रस्तावों पर पीआईसी ने मोहर लगाकर नगर के विकास का रास्ता हल करने का प्रयास किया है। देखना यह है कि परिषद कब और कैसे नगर के अवरुद्ध कार्य चालू कराकर नगर के बदहाल हालातों को पटरी पर लाने का प्रयास करेगी। या विकास का पहिया राजनीतिक सोच के साथ दुर्घटना ग्रस्त होकर नगर की तस्वीर को गांव जेसे हालातों की ओर धकेलेने में सफल होगा।

# कलेक्टर ने विभाग की बैठक में दिए जिम्मेदारों को काम

**अशोकनगर।** विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत विभागों को प्रदत्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिले के कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने हेतु जागरूक किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एपीसी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,एपीसी से संबंधित विभागों के जिला अधिकारी तथा ग्रामीण विकास से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एपीसी के एजेण्डा के तहत संबंधित विभागों द्वारा जानकारी अपडेट रखी जाए। कृषि एवं संबंधित क्षेत्र के लिए संचालित शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का क्रियान्वयन बेहतर हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए प्रत्येक स्तर पर कृषि उत्पादन तथा योजनाओं के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रयास अधिकारियों द्वारा किये जाएं। उन्होंने निर्देशित



किया कि रबी फसल की कटाई के उपरांत किसानों द्वारा नरवाई जलाई जाती है,नरवाई न जलाने हेतु किसानों को समझाईश दी जाए। साथ ही नरवाई प्रबंधन एवं नरवाई से होने वाले नुकसानों के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेतों की सिंचाई हेतु ड्रिप स्प्रिंकलर को बढ़ावा देने हेतु किसानों के अधिक से अधिक पंजीयन कराए जाएं। उन्होंने किसानों को उद्यानिकी फसलों के प्रति रूचि एवं बढ़ावा देने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। धनिया की फसल हेतु क्लस्टरों का चयन किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में अधिक से अधिक लघु उद्योगों की स्थापना हो इस हेतु स्वरोजगार योजनाओं के तहत युवाओं को लाभान्वित किया जाए।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आगामी लक्ष्यों को लेकर अधिकारी विशेष ध्यान दे और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास(ग्रामीण), एक बगिया मां के नाम की जनपदवार प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने श्मशान घाट,शांतिधाम के निर्माण के संबंध में समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में गौशालाओं का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से हो। साथ ही गौशालाओं में सभी आवश्यक सुविधाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चयनित वृंदावन ग्रामों की कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराये जाने, ग्रामीण नलजल योजनांतर्गत हस्तानांतरण संचालन एवं संधारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आजीविका सृंजन की गतिविधियों के तहत स्व सहायता समूहों को और अधिक प्रभावी बनाये जाने तथा वित्तीय संस्थानों से जोडे जाने के संबंध में निर्देशित किया।

# श्रीमद भगवत कथा में रुक्मणी विवाह का प्रसंग हुआ, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर के वार्ड नंबर 14 खोरीबरी में कृपाल सिंह यादव के यहां आयोजित संगीत मय श्रीमद भागवत कथा के 6वें दिवस में रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर कथा पंडाल में सुबह श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का रसपान किया।

कथावाचक ओम प्रकाश शास्त्री द्वारा रुक्मणी की श्रीकृष्ण के प्रति अटूट भक्ति, प्रेम और समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि रुक्मणी जी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना सर्वस्व मानकर उन्हें पति रूप में स्वीकार करने का संकल्प लिया था। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रुक्मणी हरण एवं विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल को आकर्षक फूल-मालाओं, रंग-बिरंगी लाइटों एवं धार्मिक सजावट से सजाया गया था। रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान



भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी जी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। कथा समापन के पश्चात श्रद्धालुओं ने भगवान से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पार्षद अरविंद यादव ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, आस्था एवं एकता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का विशेष सहयोग रहा।

# आज से महाशिवरात्रि तक प्रतिदिन होगा 108 शिवलिंगों का निर्माण, कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशनलाल मिश्रा के सानिध्य में मनाया गया। शिव नवरात्रि एवं शिव विवाह का कार्यक्रम जिसके उपलक्ष में एक कलश यात्रा निकाली गई। प्रतिदिन प्रति श्रद्धालु मिट्टी के के 108 पार्थिव शिवलिंग बनाकर पांच उपचार से पूजन होगी और प्रतिदिन महा आरती की जावेगी, यह कार्यक्रम दिनांक 7 फरवरी से 15 फरवरी 2026 महा शिवरात्रि तक चलेगा।

सभी श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर भाग लिया। पंडित किशनलाल मिश्र ने बताया





कि हर वर्ष की तरह हिंदू रीति से भगवान शिव शंकर का विवाह किया जा रहा है जिसमें वर पक्ष से श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर के पुजारी किशन लाल मिश्रा एवं सभी शिव भक्त तथा वधू पक्ष से भूतपूर्व उपाध्यक्ष डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी मीडिया प्रभारी रहेंगे। उनके यहां भी पार्वती माता का स्वरूप विराजित करके सभी हिंदू धर्म लोक रीति से कार्यक्रम प्रतिदिन किए जावेंगे। जैसे देव निमंत्रण चंदन पीत पत्रिका टीका फल दान चक्की धराई मटियाना मांगर गणेश पूजन मंडप एवं बरात आगमन का कार्यक्रम रहेगा। इसी तरह से यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के महाकाल मंदिर से सभी कार्यक्रम रहेंगे। शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ सभी देवों को पीले चावल श्रीफल दिए। युगल सरकार मंदिर एवं युगल सरकार मंदिर के महादेव भोले बाबा तथा काली माता मंदिर में कलश यात्रा के साथ पूजन किया।

## भगवान को ज्ञान की प्राप्ति के बाद आहारचर्या हुई संपन्न

# मोक्ष की प्राप्ति के बाद आज गजरथ फेरी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर धर्म नगरी कचनार ग्राम पंचायत मुख्यालय में पंच कल्याणक महोत्सव में भगवान को ज्ञान कल्याणक की प्राप्ति के बाद आहारचर्या का सुन्दर दृश्य दिखाया गया। आज भगवान को मोक्ष की प्राप्ति होने के पश्चात गजरथ महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल होगें। इस महोत्सव से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है यह समस्त आयोजन मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में और प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया के द्वारा समस्त क्रियाएं कराई जा रही हैं।

कचनार एक प्राचीन गांव है यहां भगवान पाश्र्वनाथ की चर्तुमुखी आकर्षक प्रतिमा विराजमान है। भले ही इस गांव में जैन परिवारों





की संख्या कम हो लेकिन इस ग्राम में पंच कल्याणक जैसा महोत्सव होना किसी बड़ी बात से कम नही हैं। यहां के मंदिर को नया रूप दिया गया है, कचनार जैन समाज की ओर से अरबिंद जैन ने बताया कि समाज जनों की भावना थी कि मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज के संसघ सानिध्य में पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन हो। इसी भावना के अनुरूप यह महोत्सव का आयोजन पिछली 1 फरवरी से चल रहा है 7 फरवरी को इस आयोजन का अंतिम दिन है। भगवान को मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति के बाद गजरथ फेरी का आयोजन किया गया है जो पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनाई गई अयोध्या नगरी की 7 परिक्रमा पूरी करेगी। इस आयोजन में अशोकनगर,गुना,आरोन, शिवपुरी और अन्य स्थानों से भी श्रद्धालुन जन पहुंचेगे। यहां अनेक प्रतिमाएं प्रतिष्ठा के लिए लाई गई हैं। इन सभी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा होने के बाद उन्हें मंदिरों में भक्ति भाव से प्रतिष्ठा के लिए ले जाया जाएगा।

कचनार में पंच कल्याणक महोत्सव में शुक्रवार को दिखाया गया कि भगवान ऋषभदेव का 6 माह तक पड़गाहन विधि न मिलने पर वह निराहार रहे, उन्होंने कई राज्यों का भ्रमण किया लेकिन कहीं भी विधि नहीं मिली। छः माह बाद राजा श्रेयांश व राजा सोम के यहां विधि मिली और इच्छु रस का आहार हुआ। मुनि श्री दुर्लभ सागर ने बताया कि अंतराय कर्म के उदय के कारण कोई पुण्य आत्मा जीव उन्हें पड़गाहन के लिए नहीं मिला। इसलिए कहा गया है कि मुनिराज हो या न हो लेकिन बच्चों को पड़गाहन विधि सिखाकर जाना चाहिए। राजा श्रेयांश के पुण्य के योग से ही भगवान 6 महीने के प्रतिमा योग धारण करने के बाद कैलाश पर्वत से नीचे उतर रहे हैं और अयोध्या की ओर जा रहे है।

लहूलुहान बालिका को बचाने मां ने दिखाया साहस, प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर

# डेढ़ साल की मासूम को 40 फिट दूर तक घसीट ले गए आवारा कुत्ते

## कलेक्टर ने दिसंबर में ही इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-छापीहेड़ा

शाम को अपने घर के सामने खेल रही डेढ़ साल की मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। 3 से 4 कुत्तों के एक झुंड ने गुरूवार को 4 बजे के आसपास बालिका को गंभीर रूप से घायल कर दिया और लगभग 40 फिट तक उसे घसीटकर ले गए। बाद में पड़ोसियों एवं परिजनों की मदद से उसको बचाया गया एवं प्राथमिक उपचार कराने के बाद शाजापुर रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

### यह है मामला

छापीहेड़ा में इन दोनों आवारा कुत्तों का आतंक दिन-व-दिन बढ़ता जा रहा डेढ़ साल की बालिका भाव्या कुशवाह माता भारती कुशवाह पिता सूरज कुशवाह निवासी छापीहेड़ा वार्ड क्र1 निवास करते हैं। रामपुरिया बालाजी के पीछे नई कॉलोनी में उसकी नानी देव कन्या बाई के घर मिलने के लिए मां और बच्ची गए थे नानी के घर के बाहर मैदान में जब बच्ची खेल रही थी तो उसकी मां घर के अंदर चाय बनाने के लिए गई थी बस इतने समय में ही आवारा कुत्तों ने छोटी बच्ची पर हमला कर अपना शिकार बना लिया थोड़ी सी देर बाद बच्ची को देखने जब मां घर के बाहर आई तो बच्ची नहीं दिखी थोड़ी दूर कुत्तों की आवाज सुन जब थोड़े नजदीक जाकर देखा तो आवारा तीन कुत्ते बच्ची को जगह-जगह से नोच रहे थे। मां ने साहस दिखाकर उन कुत्तों से कैसे भी कर बच्ची को मौत के चुंगल से बचा लिया। विपदा के समय मां अपने बच्चों के लिए अपनी जान पर भी खेल जाती है।

### आवारा कुत्तों ने कुछ दिन पूर्व ही गोवंश को बनाया था शिकार

कुछ दिन पहले छापीहेड़ा के जटामडी नाके के नजदीक गोवंश के छोटे बच्चों को इन आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया था उस गोवंश के छोटे बच्चे को नोच नोच कर खा गए सुबह-सुबह 4 बजे की बात वहीं मौजूद सिद्धनाथ वर्मा वार्ड क्र 10 मैं निवास रत ने बताया की मैंने दो बीघा जमीन पर गेहूं की फसल बंटवारे में बोई है मेरी नींद जब सुबह-सुबह खुली तो कुत्तों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी मैंने रोड पर देखा तो





गोवंश के छोटे बच्चे को यह आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा रहे थे मैंने देखा इतने में तो उसके प्राण निकल गए थे इन आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है।

### कलेक्टर डॉ मिश्रा ने दिसंबर में ही जताई थी चिंता

जिले में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों के काटने की समस्या पर जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने विशेष चिंता जताते हुए सडक पर घूम रहे कुत्तों की नसबंदी को अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिए थे। नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग को दवाइयों उपकरणों और आवश्यक टीम की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया था परंतु इन सबके बावजूद भी डॉग-वाइट की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं।

**इनका कहना है...**

मुझे इस बारे में पता नहीं है आपने ही बताया है। पूर्व में भी कुत्तों को पकड़ने हमने टीम बुलाई थी। जल्दी ही आवारा कुत्तों को पकड़ने टीम बुलाई जाएगी। उन्हें शहर से बाहर भेजा जाएगा।

हरिओम शर्मा, सीएमओ छापीहेड़ा

# एसआईआर में लापरवाही पर कृषि विस्तार अधिकारी को किया सस्पेंड

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा एसआईआर कार्य हेतु नरसिंहगढ़ कृषि विस्तार अधिकारी निरमा यादव को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियुक्त किया गया था। निवार्चन जैसे महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्य में यादव द्वारा खासी लापरवाहियां बरतने पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबित अधिकारी यादव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के फोन तक रिसीव नहीं किए जा रहे थे। इसके साथ ही उनके द्वारा बीएलओ व निर्वाचन कार्यालयीन कर्मचारियों से अभद्र भाषा के प्रयोग की शिकायतें मिली थीं। कार्यादेश की निरन्तर अवहेलना पर निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ। नरसिंहगढ़ एसडीएम द्वारा भी यादव के सम्बन्ध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड नरसिंहगढ़ से जानकारी ली गई। प्रतिवेदन में बताया गया कि यादव द्वारा ना तो निर्वाचन का कार्य किया जा रहा है और ना ही विभागीय कार्य सम्पादित किया जा रहा है। प्रतिवेदन अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा सहित जिला निवार्चन कार्यालय को प्राप्त हुआ। ऐसे में कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निलम्बन अवधि में निरमा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

प्रेसवार्ता को संबोधित करने आए थे मंत्री वर्मा

# लाड़ली बहनों पर दिए बयान पर राजस्व मंत्री ने मांगी माफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरुवार को सीहोर जिले में लाड़ली बहनों के संबंध में एक विवादास्पद बयान दिया था। स्वास्थ्य विभाग के एक आयोजन में मंत्री वर्मा ने मंच से कहा था कि यदि लाड़ली बहनें कार्यक्रम में नहीं आएंगी तो उनके नाम कट जाएंगे। इस बयान के बाद जहां लाड़ली बहनों में तीखा आक्रोष व्याप्त है, वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी बयान की आलोचना की थी।

मंत्री वर्मा ने अपने उक्त बयान पर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय राजगढ़ में बजट के संबंध में आहूत प्रेसवर्ता में मांफी मागी। उन्होंने कहा कि उनका तात्पर्य वैसा नहीं था जैसा बताया गया है। मेरा तात्पर्य था कि सभी बहनें आएं और शासन की योजनाओं का समझें, उनका लाभ लें। अगर फिर भी किसी को गलत लगा तो वे इसके लि मांफी मांगते हैं।

### बजट पर विस्तार से डाला प्रकाश

केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में मंत्री वर्मा ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# गेहूं उपार्जन के लिए प्रशासन ने जिले में बनाए 84 पंजीयन केंद्र

**राजगढ़।** प्रशासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 84 समितियों को गेहूं पंजीयन केन्द्र संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है। पंजीयन के लिए बनाए गए केंद्रों में तहसील खुजनेर अंतर्गत विपणन सहकारी समिति खुजनेर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति चाटूखेडा, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सुस्तानी निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार तहसील खिलचीपुर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति कुलीखेड़ा, भोजपुर, ढाबलीकलां, भाटखेडा, डालूपुरा, तहसील जीरापुर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति जीरापुर, माचलपुर, रामगढ़, धतरावदा, लखोनी, कोडक्या, भानपुरा व विपणन सहकारी समिति जीरापुर, तहसील नरसिंहगढ़ अंतर्गत विपणन सहकारी समिति नरसिंहगढ़, उप केन्द्र कुरावर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति झाड़ला, मंडावर, कोटरा, बैरसिया, ढ़ाबला, उमरी, हिनोतिया, चैनपुराकलां, गिलाखेडी, निपानिया चेतन, भैंसाना, बिजोरी, जामोनिया गोप चैहान, कोटरीकलां, माना, तहसील पचोर अंतर्गत प्राथमिक कृसहकारी समिति उदनखेडी, इकलेरा (तलेन), परसखेड़ी, तलेन, चिडलावनिया, नाहली, आसारेटा पंवार, पाडल्या अंजाना व विपणन सहकारी समिति पचोर, तहसील ब्यावरा अंतर्गत विपणन सहकारी समिति ब्यावरा, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति कांसौरकलां, मलावर, भिलवाडिया, पडोनिया, खजुरिया, ढकोरा, चाठा, जामी, तहसील राजगढ़ अंतर्गत विपणन सहकारी समिति खुजनेर उपकेन्द्र राजगढ़, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति करेड़ी, खण्डियापुरा, सिंदुरियाढ़कोरा, कालीपीठ, माचलपुर (राजगढ़), फूलखेडी, सुठालिया अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति लखनवास, गंगाहोनी, बिसोनिया, बगवाज, बैलास, मउ, टोढी, सिलपटटी, भवांस, कानेड, अमरगढ़, तहसील सारंगपुर अंतर्गत सण्डावता, पाडल्यामाता, तलेनी सारंगपुर, पडाना सारंगपुर, हराना, बालोडी, भैंसवामाता, पिपलिया पाल, धनोरा व खजुरिया घाटा शामिल हैं।

# राजगढ़ के खेतों में 'ड्रोन क्रांति' 2500 एकड़ में कर डाला स्प्रे



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश में परंपरागत खेती के तौर-तरीकों से आगे बढ़ते हुए राजगढ़ जिले के किसानों ने आधुनिक कृषि की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मऊ ने जिले में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर लगभग 2500 एकड़ क्षेत्र में फसलों पर स्प्रे कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।अंकुरण थ्व्च के संचालक श्याम राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की कई बड़ी समस्याओं का समाधान बनकर सामने आया है। ड्रोन तकनीक से किसानों को कई महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। पहले जहां फसलों पर दवा छिड़काव में घंटों लग जाते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही मिनटों में पूरा हो रहा है। सेंसर आधारित तकनीक से फसलों पर समान रूप से दवा का छिड़काव हो रहा है, जिससे दवा की बर्बादी कम हुई है। इसके साथ ही घने या बड़े खेतों में, जहां मैन्युअल स्प्रे करना कठिन होता था, वहां भी आसानी से छिड़काव संभव हो पाया है। ड्रोन के उपयोग से किसानों को जहरीले जीव-जंतुओं और कीटनाशकों के सीधे संपर्क से होने वाले खतरे से भी सुरक्षा मिली है।

# सिविल सर्जन ने हटाई मारूतीनंदन ट्रेवल्स की मोविलिटी गाड़ी

## बोले - ट्रेवल एजेंसी ने मनमानी कर मचा रखी से सरकारी पैसों की लूट

### बाजार रेट से 3 गुना ज्यादा तक कर रहे हैं चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




जिला अस्पताल में विभिन्न माध्यमों से सालों से चली आ रही सरकारी पैसों की लूट पर स्वास्थ्य महकमे के वर्तमान जिम्मेदार पदाधिकारी धीरे - धीरे ही सही लगाम जरूर लगा रहे हैं। जिससे दलालों के मन में डर और भय का माहौल निर्मित हो रहा है कि कहीं उनके काले कारनामों की पोल न खुल जाए। इस बार मामला है सिविल सर्जन द्वारा मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा दी गई मोविलिटी गाड़ी को अधिक रेट के चलते हटा दिया गया है।

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा मोविलिटी के लिए जो गाड़ी उपलब्ध करवाई जा रही थी उसके चार्ज मार्केट रेट से 3 गुने ज्यादा हैं जिससे सरकारी पैसों का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया जा रहा है जिसके चलते मैने वह गाड़ी हटा दी है। उल्लेखनीय है कि 2024 में भी जब कुछ दिन के लिए सिविल सर्जन का चार्ज डॉ रजनीश शर्मा को दिया गया था तब भी उन्होने अधिक रेट के चलते तात्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को अपनी गाड़ी हटाने के लिए पत्र लिखा था।

### 25 से 30 रुपए प्रति किलोमीटर की दर कर रहे हैं चार्ज

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा का कहना है कि जहां बाजार में 10 से 12 रूपए में ट्रेवल्स के लिए गाड़ियां उपलब्ध हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी 25-30 रूपए प्रतिकिलोमीटर की दर पर मोबिलिटी गाड़ी उपलब्ध करा रही है जो की 3 गुना ज्यादा है। जो कि सरकारी पैसों का दुरूपयोग कहा जा सकता है।

### 2025 मार्च में हो गया टेंडर खत्म! फिर आगे किसने बढाया

जिला अस्पताल में कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते जो टेंडर मार्च 2025 में खत्म हो गया था फिर वह किसकी सह पर दिसंबर 2025 तक चलता रहा इसकी जांच भी की जाना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितता करने वाले चेहरे बेनकाब हो सकें।

मलावर पुलिस ने कुछ दिन पूर्व ही एक निजी स्कूल से जब्त की थी ऐसी ही कार

# एलपीजी किट लगी मारूति वैन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

शनिवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन से तेज लपटें और काला धुआं उठने लगा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। नसीलपुर निवासी दौलतराम मीणा अपनी एलपीजी संचालित मारुति वैन लेकर सुठालिया बाजार में निजी कार्य से आए थे। उन्होंने अपनी वैन मधुसूदन रोड सड़क किनारे खड़ी की और पास की एक बैटरी दुकान पर चले गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वैन एलपीजी से चलाई जा रही थी। आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल राहोरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास खड़े अन्य वाहनों और दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में अलाव की चिंगारी से वाहन में



आग लगने की आशंका है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में एलपीजी का प्रयोग न करें और आग या अलाव से सुरक्षित दूरी पर खड़ा करें।

### कुछ दिन पूर्व मलावर पुलिस ने पकड़ी थी ऐसी ही वैन

मलावर पुलिस की जागरूकता के चलते एलपीजी लगी मारूति वैन जिससे एक निजी स्कूल के मासूम बच्चों को लाने लेजाने के लिए उपयोग में लाया जा रहा था उस पर थाना प्रभारी रजनीश सिरोठिया एवं टीम द्वारा घटना पूर्व ही कार्रवाई कर एलपीजी किट लगी वैन को जप्त कर लिया है।

# करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का मंत्री टेटवाल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन



**सारंगपुर।** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर उन्हें ग्रामवासियों को समर्पित किया। मंत्री टेटवाल ने ग्राम लीमाचैहान में लगभग 1 करोड़ 33 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान सामुदायिक भवन, टीनशेड, आंगनवाड़ी भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में ग्राम दराना में लगभग 53 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड, शांति धाम की तार फेंसिंग एवं पेवर्स निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं ग्राम गुलावता में लगभग 29 लाख 88 हजार की लागत से सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी तथा स्वच्छता, सुगम आवागमन और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# होली उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न



**सारंगपुर।** गुरुवार को होली उत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर की बैठक अम्बे माता मंदिर में समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें होली के पर्व पर पांच दिन रंगारंग उत्सव को लेकर कार्य योजना बनाई गई। बैठक का संचलन वैभव पुष्पद ने किया। जिसमें 2 मार्च सोमवार को बाल्मीकि समाज के सहयोग से बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर सुंदर कांड का आयोजन होगा तथा 3 मार्च मंगलवार को गमी वाले घरों पर सामूहिक रंग डालने का आयोजन होगा वही 4 मार्च बुधवार को मुखर्जी चैक में संगीत निशा का आयोजन होगा तथा 5 मार्च गुरुवार को बस स्टैंड पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं 6 मार्च शुक्रवार को रात को बस स्टेंड पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा,इसके बाद 8 मार्च रविवार को बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टेंड से रंग पंचमी की सामूहिक गैर का आयोजन सम्पन्न होगा। इस अवसर पर महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,मुक्तिधाम अध्यक्ष अनिल बारकिया, अशोक साहू, महेश पाटीदार, सतीश राठौर, नितेश मिश्रा, मांगीलाल पाटीदार, सतीश गिरजे, सतीश मिश्रा, दिनेश सिसौदिया सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

10 फरवरी से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं, नकल मामलों पर रहेगी पैनी नजर

# गंभीरता के साथ बोर्ड परीक्षाओं की सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशों पर इन परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग ने खासे इंतेजामात किए हैं।

नकल प्रकरणों पर नकेल के लिए जहां अलग-अलग ब्लॉक में उड़नदस्ते बनाए गए हैं वहीं प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी। इन परीक्षाओं के लिए कल शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय से प्रश्न-पत्रों सहित परीक्षा से जुड़ी अन्य सभी आवश्यक सामग्री का वितरण करवाया गया। जिले में बनाए गए 63 परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं टीम परीक्षा सामग्री लेने पहुंची। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ सामग्री का वितरण करवाया गया। जिस तरह निवार्चन से जुड़े प्रत्येक कार्य में काफी गंभीरता बरती जाती है उसी तरह की गंभीरता बोर्ड परीक्षा की सामग्री वितरण के दौरान नजर आई।



### परीक्षाओं के मद्धेनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

कलेक्टर एवं समग्र शिक्षा अभियान मिशन संचालक डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इन बोर्ड परीक्षाओं सहित इन माह से आरंभ होने जा रही अन्य परीक्षाओं के मद्धेनजर परीक्षा अवधि के दौरान जिले के समस्त क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंधित उपयोग की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थ को प्रदान किए हैं। जिला परीक्षा समिति की बैठक के निर्णयानुसार जिले में बनाये गये कक्षा 5वीं व 8वीं के 310 परीक्षा केंद्रो पर छात्र अपने शिक्षक, पालक के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होगे। छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा समय के पूर्व व पश्चात तक अपने क्षेत्र के समस्त व्यस्ततम मार्गो पर सभी प्रकार के वाहनों की गति नियंत्रित रखे जाने की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### 8 संवेदनशील एवं 5 अति-संवेदनशील केंद्र बनाए

पूर्व के सालों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिन केंद्रों पर नकल प्रकरण या सामुहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आए थे उन्हीं के दृष्टिगत शिक्षा विभाग द्वारा इस साल जिले में बनाए गए कुल 63 परीक्षा केंद्रों में 8 संवेदनशील केंद्र एवं 5 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। उल्लेखीय है इन परीक्षाओं की गोपनीयता और नकल प्रकरणों के संबंद्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा भी बेहद गंभीर हैं। पिछले दिनों परीक्षाओं आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक में कलेक्टर द्वारा कंइ तल्ख निर्देश प्रदान किए गए थे।

**In. The Court Of II Civil Judge Junior Division, District Court, Rajgarh**

Presiding Officer: श्री पूर्णांक चौबे
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS B/0000000/2025)

नाथूलाल ................ वादी
Vs
सतीश................. प्रतिवादी

Process Id-/2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक: 09/03/2026

(1) सतीश गुप्ता पिता माधो सिंह गुप्ता पता नि. फलौदी कॉलोनी एच.डी.एफ.सी. बैंक के पास बायपास रोड़ राजगढ जिला राजगढ़ म.प्र.

यह कि प्रार्थी नाथूलाल ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज दिनांक 06 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश पूर्णांक चौबे**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड**
**राजगढ़ (ब्यावरा) म. प्र**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।